### एक नजर में

## पिता की मौत के सदमे में बेटे ने लगाई फांसी

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अहीरखेड़ी में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई. महज दो दिन पहले पिता को खोने वाले 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. सुबह खेत की ओर जा रहे बड़े भाई ने नीम के पेड़ से लटका उसका शव देखा तो परिवार में कोहराम मच गया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरु की. 19 वर्षीय मृतक अर्जुन पिता सरदार, कुंदन नगर निवासी था, शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे उसका शव गांव के पास नीम के पेड़ से लटका मिला. अर्जुन के बड़े भाई करण ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात 11 बजे के बाद से वह घर पर नहीं था. परिवार ने सोचा कि वह दोस्तों के पास होगा, लेकिन सुबह खेत जाते समय यह दर्दनाक दृश्य सामने आया. परिवारजन ने बताया कि अर्जुन और करण के पिता का दो दिन पहले बीमारी से निधन हुआ था और शुक्रवार को तीसरे दिन का क्रियाकर्म था. आशंका जताई जा रही है कि पिता की मौत से उपजे मानसिक तनाव में अर्जुन ने यह कदम उठाया.

## नो एंट्री में 15 वाहनों भारी वाहनों के बनाए चालान




इंदौर. शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने नो एंट्री नियम का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की है. 2 अक्टूबर सुबह से 3 अक्टूबर सुबह तक पुलिस ने 15 वाहनों के चालकों और ट्रांसपोर्टर्स को पकड़कर चालानी कार्रवाई की और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सख्त हिदायत दी. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस लगातार नो एंट्री मार्गों पर निगरानी रख रही है. उल्लंघन करने वाले चालकों को बताया गया कि प्रतिबंधित मार्गों का ध्यान रखें और निर्धारित समय के अनुसार ही वाहन चलाएँ. प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग करना अनिवार्य है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई शहर में यातायात को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने की निरंतर कोशिश का हिस्सा है. इस दिशा में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी.

## मोबाइल झपटते दो बदमाश पकड़े गए




इंदौर. रावण दहन कार्यक्रम के दौरान विजयनगर चौराहे पर मोबाइल झपटने वाले दो बदमाशों को यातायात पुलिस और ट्रैफिक मित्र ने रंगेहाथ पकड़ा. आरोपी फरियादी अतुल कुशवाह से मोबाइल छीनकर भाग रहे थे. सूचना मिलने पर तैनात सूबेदार काजिम हुसैन रिजवी, आरक्षक सचिन तोमर और ट्रैफिक मित्र राहुल नागर ने तुरंत पीछा किया. आरोपी आदित्य और अखिलेश पांडे को कालका मंदिर रसोमा चौराहे के पास पकड़ लिया और फरियादी का मोबाइल वापस कर दिया. दोनों आरोपियों को विजयनगर पुलिस के सुपुर्द किया है. मामले में जांच व वैधानिक कार्रवाई जारी है.

## नशे में धुत युवकों ने पुलिस पर किया हमला

महू. क्षेत्र के पर्यटन स्थल नखेरी डेम पर गुरुवार शाम पुलिसकर्मियों पर शराब के नशे में धुत युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया. घटना में प्रधान आरक्षक और आरक्षक पर लाठी, बेल्ट और मुक्कों से हमला किया गया, जिससे आरक्षक के सिर में गंभीर चोट आई और तीन टांके लगाने पड़े. बडगोंदा थाने पर पदस्थ आरक्षक राहुल भदौरिया ने बताया कि वह प्रधान आरक्षक जितेंद्र चौहान और दो कोटवारों के साथ नखेरी डेम क्षेत्र में ड्यूटी पर थे. शाम करीब साढ़े 6 बजे वे डेम किनारे शराब पीकर खाना बना रहे 7-8 युवकों को समझाइश देकर लौटने के लिए कहकर आगे बढ़े. लेकिन कुछ देर बाद वापस लौटने पर सभी युवक वहीं मौजूद मिले. दोबारा समझाने पर युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया. हमले के दौरान युवकों ने लाठी, बेल्ट और मुक्कों से मारपीट की. इसी बीच एक आरोपी ने नुकीली वस्तु से आरक्षक भदौरिया के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी वर्दी भी फाड़ दी गई. घटना के बाद आरोपी युवक भागने लगे, लेकिन पर्यटकों की मदद से एक युवक को पकड़कर थाने लाया गया. सूचना मिलते ही टीआई प्रकाश वास्कले मध्यभारत अस्पताल पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों से जानकारी ली. पुलिस ने सभी आरोपियों को देर रात गिरफ्तार किया,शासकीय कार्य में बाधा में केस दर्ज किया.

## इंद्र सिंह ने एक घंटा 15 मिनट तलवार के करतब दिखाए



महू. इंदर सिंह तलवारबाजी में दशहरा मैदान पहुंचे सभी दर्शकों का मन मोह लिया. दशहरा समिति द्वारा एक मंच लगाकर इंद्र सिंह जी का प्रदर्शन कराया गया. तलवारबाजी देखकर दशहरा मैदान पर उपस्थित सभी अतिथि एडिशनल एसपी रूपेश खरे, एसडीएम महू राकेश परमार, एसडीओपी ललित सिकरवार, विवेक सोनी, टीआई महू राहुल शर्मा आदि ने तलवारबाजी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस उम्र(69) में भी इतने अच्छे तरीके से तलवारबाजी करना एक अच्छे खिलाड़ी का ही हौसला हो सकता है. समिति की ओर से एसडीएम राकेश परमार ने इंद्र सिंह को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया वरिष्ठ खिलाड़ी संगठन के सभी साथियों ने दशहरा उत्सव समिति के अमित जोशी एवं पूरे सदस्यों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यापित किया.

## विमल चंद जैन अध्यक्ष मनोनीत



महू. भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ की मध्य प्रदेश शाखा का पुनर्गठन कर कार्यकारिणी का गठन किया है. कार्यकारिणी में विमल चंद जैन को अध्यक्ष, नारायण प्रसाद चौहान को सचिव एवं रेखा द्विवेदी सीतामऊ को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है. रामदयाल झूरिया, राजेश पाटीदार, सबरजीतसिंह गिल, आशीष बर्थवाल, सत्यम सम्राट आचार्य, मधु श्रीवास्तव, योगेन्द्र मिश्रा, उमेश खण्डेलवाल कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किये गये हैं. सभी मनोनीत कार्यकारिणी सदस्यों को मृणाल पंत, कमलेश मिश्रा, विष्णु प्रसाद चौहान, विजय कुमार विजयवर्गीय, सुश्री ऋतु त्रिवेदी, स्वाति विजयवर्गीय, अनीता खण्डेलवाल, रमेश पाटीदार, सुरेश पाटीदार, अशोक शर्मा, दिलीप कोठारी, मोतीलाल सोनी, जगदीश कोठारी, श्रीमती हीरामणी सोनी सहित कई सदस्यों ने बधाई थी.

## जनता कांग्रेस में नगर अध्यक्ष चुनाव 12 को

महू. जनता कांग्रेस पार्टी के महू नगर अध्यक्ष पद हेतु पार्टी के सौ अधिक सदस्यों के द्वारा वोटिंग के जरिए नया नगर अध्यक्ष चुना जाने के लिए आगामी 12 अक्टूबर को चुनाव होंगे, जिसमें भावना संगेलिया और अमित गोगलिया के खेमे से शुभम डागर और सुनील वर्मा के मध्य सीधा मुकाबला है. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित वर्मा की ओर से भी अपना कैंडिडेट अंतिम समय खड़ा किया जा सकता है.



# गोदाम की सील खोलने मांगे 40 हजार

- ईओडब्ल्यू ने निगम अफसरों को रिश्वत लेते पकड़ा
- एआरओ और प्रभारी बिल कलेक्टर पकड़ाए

**इंदौर.** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम के दो अफसरों को रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया. गोदाम की सील खुलवाने के एवज में 50 हजार रुपए की मांग की गई थी. पहली किस्त के तौर पर 40 हजार रुपए लेते ही दोनों अधिकारी धराए गए.

शिकायतकर्ता संतोष सिलावट, निवासी गीता नगर ने एक अक्टूबर को एसपी ईओडब्ल्यू को आवेदन दिया था. उन्होंने बताया था कि उनके गोदाम पर निगम की राजस्व टीम ने नोटिस चस्पा कर सील लगा दी थी. सील खोलने के लिए सहायक राजस्व अधिकारी पुनीत अग्रवाल जोन-19 और प्रभारी बिल कलेक्टर रोहित साबले ने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग रखी. शिकायत की पुष्टि होते ही ईओडब्ल्यू ने जाल रच डाला, तय योजना के तहत सिलावट ने जैसे ही 40 हजार रुपए सौंपे, डीएसपी संजय द्विवेदी, टीआई कैलाशचंद्र पाटीदार और अन्य अधिकारियों की टीम ने दोनों को पकड़ लिया. अब आरोपी अफसरों के खिलाफ शासकीय कार्य के बदले रिश्वत लेने और डिजिटल-तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

# मालवा मिल में लकड़ी के कारखाने में लगी आग, लाखों का नुकसान

- फायर ब्रिग्रेड की टीम ने रात भर की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू



**इंदौर.** मालवा मिल इलाके में गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब तीन बजे लकड़ी के कारखाने में आग लग गई. आग ने विकराल रूप ले लिया और लपटों ने लाखों रुपए के लकड़ी और कच्चे माल को राख कर दिया. सूचना मिलते ही पहुंची फायर ब्रिग्रेड की टीम ने रात भर भारी मशक्कत के बाद हजारों लीटर पानी डाल कर आग पर पाया काबू.

फायर ब्रिग्रेड के एसआई संतोष दुबे ने बताया कि आग केसर इंटरप्राइजेस नाम के कारखाने में लगी, जो लकड़ी के उत्पाद और कच्चे माल का निर्माण करता है. स्थानीय लोगों ने सुबह-सुबह धुआँ उठता देखा और तुरंत फायर ब्रिग्रेड को सूचना दी थी, प्रारंभ में लोग अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश में जुटे, लेकिन आग तेजी से फैल गई थी, मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां और करीब दस टैंकर पानी लेकर पहुंचीं थी, फायर ब्रिग्रेड की टीम ने आग फैलने से रोकने के लिए राहत कार्य में मदद की. आग को पूरी तरह काबू में करने में फायर कर्मियों को काफी समय और मशक्कत करनी पड़ी. कारखाने में लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री की अधिकता के कारण आग तेजी से फैल गई थी. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आग में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है. फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस और फायर ब्रिगेड जांच कर रही हैं कि यह शॉर्ट सर्किट के कारण लगी या किसी अन्य वजह से.

# कार वॉश सेंटर पर किशोर की संदिग्ध मौत

- काम के दौरान अचानक गिरा
- अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**इंदौर.** परदेशीपुरा इलाके में एक कार वॉश सेंटर पर काम कर रहे 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. परिजन और साथी कर्मचारियों के मुताबिक, काम करते वक्त वह अचानक नीचे गिर पड़ा और फिर होश में नहीं आया.

परदेशीपुरा थाने से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 17 वर्षीय भोला पिता लखन भूरीयाले, निवासी रानीपुरा के रूप में हुई है. वह कनकेश्वरी ग्राउंड के पास स्थित यूएस कार सर्विस में काम करता था. गुरुवार शाम करीब सात बजे वह कार पर पानी डाल रहा था, तभी अचानक गिर पड़ा. वहां मौजूद कर्मचारियों ने उसे उठाकर नजदीकी




अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बाद में परिवारजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे. कार सर्विस सेंटर पर कार्यरत राहुल ने बताया कि भोला कार के आगे हिस्से में काम कर रहा था. अचानक गिरने से सभी घबरा गए और उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया. भोला के पिता मजदूरी करते हैं और परिवार में बड़ा भाई भी है, जो रानीपुरा स्थित दुकान पर नौकरी करता है. फिलहाल परदेशीपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मौत के कारणों को लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है.

# युवक पर लगाया शोषण व ब्लैकमेल का आरोप

- विजयनगर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**इंदौर. एक युवती ने आरोप लगाया है कि भोपाल निवासी एक युवक ने नौकरी का झांसा देकर उसे फंसाया, फिर शारीरिक शोषण कर फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया. पीड़िता की शिकायत पर विजयनगर थाने में गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.**



पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने खुद को 'सचिन' के नाम से परिचित कराया. उसने नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उसका मोबाइल नंबर लिया और बाद में इंदौर बुलाकर किसी स्थान पर खाना खिलाकर बेहोशी जैसी स्थिति में उसके साथ जबरन संबंध बनाए. आरोपी ने पीड़िता का मोबाइल और आभूषण भी छीन लिए और उसे ब्लैकमेल करने के लिए फोटो-वीडियो बनाए. शिकायत में यह भी आरोप है कि आरोपी पीड़िता को बुर्का पहनाकर अपने परिचितों से मिलवाता और उसे सामाजिक व धार्मिक दबाव में डालता था. आरोपी समय-समय पर मिलने की जिद करता और धमकी देकर संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था. पीड़िता ने मानसिक रूप से टूटने के बाद स्थानीय संगठन श्रीराजपूत करणी सेना से मदद मांगी. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह और मानसिंह राजावत व अन्य कार्यकर्ताओं के समर्थन पर पीड़िता ने अपनी शिकायत दर्ज कराई. विजयनगर पुलिस ने शिकायत के आधार पर तकनीकी और चिकित्सा जांच के साथ मामले की पूरी जांच शुरू कर दी है. संदिग्ध की पहचान और उसके स्थान की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# एआई-आधारित साइबर सुरक्षा टूल 'सेफ क्लिक्स' लांच

- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया उद्घाटन,
- नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए मिलेगा तत्काल मार्गदर्शन



**इंदौर. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहर में आयोजित एक कार्यक्रम में इंदौर पुलिस कमिश्नरेट और अबेकस कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा विकसित 'सेफ क्लिक्स' नामक एआई-आधारित साइबर सुरक्षा सहायक टूल का लोकार्पण किया. जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ और 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया.**

मुख्यमंत्री ने इसे आधुनिक पुलिसिंग में जनोन्मुखी कदम बताया और कहा कि अब साइबर सुरक्षा केवल एक संदेश दूर है. इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने इस टूल के माध्यम से नागरिकों को वास्तविक समय में मार्गदर्शन और मदद उपलब्ध कराने की सुविधा दी है. उन्होंने बताया कि 'सेफ क्लिक्स' एआई-सक्षम वर्चुअल असिस्टेंट है जो नागरिकों को निम्नलिखित सेवाएं देता है. यह टूल व्हाट्सएप, वेब और एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और उपयोगकर्ता सरल टेक्स्ट या आवाज़ द्वारा संवाद कर सकते हैं. बैकएंड मॉनीटरिंग इंदौर पुलिस द्वारा की जाएगी, जिससे सभी जानकारी भरोसेमंद और प्रमाणिक रहेगी. वहीं पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह तकनीक प्रदेश के सातवें राज्य स्तर के शहर में पुलिसिंग में लागू की गई पहल है, और इंदौर कमिश्नरेट पहला शहर है जिसने इसे अपनाया. भविष्य में इसमें अन्य पुलिस सेवाओं को भी जोड़ा जाएगा. वहीं मुख्यमंत्री ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस टूल का सक्रिय उपयोग करें और साइबर खतरों के प्रति सतर्क रहें.

# आईईटी कैंपस में छात्रों द्वारा तोड़फोड़ और चोरी के आरोप में एफआईआर दर्ज

- चार नामजद, 93 अन्य छात्रों पर भी जांच शुरू
- डिजिटल सबूतों को मिटाने की कोशिश का हुआ खुलासा

इंदौर. भंवरकुआ पुलिस ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी कैंपस में 26 सितंबर को हुई तोड़फोड़ और चोरी की घटना में कार्रवाई करते हुए चार छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. घटना की शिकायत स्टाफ मेंबर रणजीत शिंदे ने की थी. शिकायत में बताया गया कि फर्स्ट ईयर के कुछ छात्रों ने खिड़की तोड़कर परिसर में प्रवेश किया और होस्टल व कार्यालय में 14 कैमरों को तोड़ने के साथ-साथ 14 कैमरे और डीवीआर भी चोरी कर लिए.

कॉलेज प्रबंधन की प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला कि आरोपियों ने अपने जूनियर्स पर दबाव डालकर राइज योर वॉइस नामक वॉट्सऐप ग्रुप में पांच-पांच अकाउंट बनाने का टारगेट निर्धारित किया था. इस ग्रुप में करीब 93 छात्र जुड़े थे. घटना का पता चलते ही ग्रुप डिलीट कर दिया, लेकिन कुछ स्क्रीनशॉट पुलिस के पास डिजिटल सबूत के रूप में मौजूद हैं. भंवरकुआ पुलिस अब चोरी और तोड़फोड़ में शामिल छात्रों की भूमिका की जांच कर रही है. इसके अलावा, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और डिजिटल साक्ष्य मिटाने के प्रयास को लेकर भी आगे की कार्रवाई की जा रही है.




# गांधी जयंती पर योग स्पर्धा का आयोजन और ज्ञानमित्र लाइब्रेरी का निरीक्षण

- एमडी ने पठन-पाठन की सुविधाओं का लिया जायजा, योग स्पर्धा में बच्चों और बड़ों ने बढ़चढ़कर भाग लिया

**इंदौर.** शहर में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में सक्रिय पहल की झलक देखने को मिली. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने पोलो ग्राउंड स्थित ज्ञानमित्र लाइब्रेरी का निरीक्षण किया. उन्होंने पठन-पाठन की व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली, जिससे लाइब्रेरी की कार्यप्रणाली और पाठक सुविधा का मूल्यांकन किया जा सके. वहीं, गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार को अग्रसेन धाम फूटीकोठी चौराहे पर आस्था योग क्रांति अभियान के तहत विशेष योग स्पर्धा आयोजित की गई. इसमें बच्चों और वयस्कों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. स्पर्धा में विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान किए. पहला पुरस्कार रिदमिक योग, दूसरा पुरोहित योग मंडल, तीसरा भारतीय शिक्षा संस्थान, चौथा चोइथराम कालेज योग टीम, और पांचवां विद्या वारिदी स्कूल की योग टीम को मिला. अभियान के संयोजक डॉ. आरके जैन ने बताया कि परिणाम निर्धारण में ड्रेस, समय सीमा, आसनों की प्रस्तुति और अनुशासन को आधार बनाया गया. इस आयोजन ने नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लाइब्रेरी जैसी शैक्षिक संस्थाओं में रुचि विकसित करने का काम किया.

**अनदेखी** | मामला वार्ड 51 के अभिषेक नगर क्षेत्र का

# मुख्य मार्ग हो रहा जर्जर, लोग होते हैं परेशान



**इंदौर. जब भी शहर के विकास कार्य की बात होती है तो नगर निगम द्वारा सुंदर सड़कों का बखान किया जाता है लेकिन आज भी कई ऐसे क्षेत्र है जहां सड़कों के नाम पर मिट्टी, गड्ढे और पत्थर मौजूद हैं. शहर की सीमा से लगे क्षेत्रों में तो और भी ख़स्ता हाल है.**

देव गराड़िया मार्ग पर उद्योग नगर क्षेत्र में अभिषेक नगर बसा हुआ है. यह क्षेत्र वार्ड क्रमांक 51 में आता है. प्रभु तोल कांटा के सामने अभिषेक नगर मध्यम वर्ग जीवन गुज़ारनें वालों से भरा पड़ा है. क्षेत्र में पहुचने पर ज्ञात हुआ कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधा ब-मुश्किल से मिला करती है. इसके अलावा जब क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर पड़ी विकास की बात साफ हो गई. यहा मुख्य मार्ग पूरी तरह से जर्जर हालतों में है. कहीं गड्ढे तो कहीं बड़े-छोटे पत्थर राहगिरों को मुसीबत में डाल रहे हैं. कच्ची सड़क होने के कारण सीवरेज के चेंबर की गंदगी मार्ग पर जमा रहती है. क्षेत्र में इससे जो बीमारियां फैल रही है उस पर ध्यान देना तो दूर की बात है. बरसात के महीनों में यहां से गुज़रना लोगों के लिए बड़ा कठिन हो जाता है. कई लोग गिरते पड़ते घायल होते है. इस मार्ग को पक्का बनाने की कवायद आज तक शुरू नहीं की गई. जबकि यह मार्ग उद्योग नगर से मूसाखेड़ी क्षेत्र को जोड़ता है. शॉर्ट कट के लिए अधिकांश लोग इसी मार्ग से गुज़रते हैं.

### इनका कहना है...



रहवासी बस्ती होते हुए भी यहां भारी वाहनों का प्रवेश होता है. इन वाहनों से कच्ची सड़क और धंस जाती है और मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो जाते हैं, जो राहगिरों को परेशानी में डाल देते हैं.

**- राजवीर सिंह**



जर्जर मार्ग से सभी को परेशानी होती है. सुना था सड़क बनेगी लेकिन कब यह नहीं मालूम. सड़क बनने से लोगों की कई समस्याएं ख़त्म होगी. विकास होगा तो सब होगा. क्षेत्र साफ, सुथरा और सुंदर भी होगा.

**- शिव पाल**



समस्याएं तो बहुत है. फिलहाल तो इस मुख्य मार्ग को पक्का बना दिया जाए तो बहुत सुविधा होगी. कच्ची सड़क पर सीवरेज की गंदगी लोगों के लिए और मुसीबतें बढ़ा देती है. इसका कुछ किया जाए.

**- हरि ओझा**



**विधायक निधि से जल्द कार्य करवाएंगे**-तीन वर्षों से फाईल बना कर निगम में दे रखी है लेकिन अवैध कॉलोनी होने के कारण महापौर उसे पास नहीं कर रहे हैं. जल्द ही इस मार्ग के विकास कार्य को विधायक निधि से करवाएंगे.

**- मलखान सिंह कटारिया, पार्षद**